मेट्रो के सीतापुरा से अंबाबाड़ी फेस की डी.पी.आर. नये सिरे से बनाने के निर्देश

जयपुर, (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता पर है। इसे देखते हुए जयपुर मेट्रो को देश भर में मॉडल मेट्रो के रूप में विकसित किया जाये। इस प्रोजेक्ट में खर्चे व लागत का समुचित आकलन किया जाये ताकि वित्तीय

■ **जयपुर मेट्रो को देश भर में मॉडल के रूप में विकसित करें : भजनलाल शर्मा**

संसाधनों का सदुपयोग होने के साथ ही आमजन के लिए भी बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने मेट्रो के नए फेज सीतापुरा से अंबाबाड़ी एवं विद्याधर नगर तक विस्तार की डीपीआर नए सिरे से बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 100 दिवसीय कार्ययोजना में शामिल जयपुर मेट्रो के फेज 1-डी (मानसरोवर से 200 फीट बाईपास पर अजमेर रोड चौराहे तक) का शिलान्यास भी शीघ्र किया जाए। शर्मा ने कहा कि जयपुर मेट्रो की कनेक्टिविटी में शहर के भीड़ वाले प्रमुख स्थलों को सम्मिलित किया जाए। साथ ही भविष्य में इसके विस्तार की संभावनाओं का भी ध्यान रखा जाए।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री)शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव (मुख्यमंत्री)आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव (नगरीय विकास)टी. रविकान्त, जयपुर मेट्रो के सीएमडीपी. रमेश सहित जेएमआरसी के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा, शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता, टी. रविकान्त, जयपुर मेट्रो के सीएमडीपी. रमेश सहित जेएमआरसी के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

राजधानी जयपुर में मौसम बदलने पर रोज बादल आंख मिचौली खेलते नजर आये। शुक्रवार को भी दिनभर धूप खिलने के बाद शाम को काली घटाएं छायी और बिजली कड़कने के साथ ही बारिश शुरू हुई।

डॉ. दिनेश कुमार को मिली सर्न की विजिटिंग फैलोशिप

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय फिजिक्स डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिनेश कुमार को स्विट्जरलैंड स्थित यूरोपीय संघ की न्यूक्लियर रिसर्च के क्षेत्र में विश्व की प्रमुख मानी जाने वाली न्यूक्लियर लैबोरेट्री सर्न द्वारा विजिटिंग फेलोशिप प्रदान की गई है।

आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें : आरुषि मलिक

जयपुर, (का.सं.)। संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक ने कहा कि जयपुर संभाग में आमजन को बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित हों इसके लिए चिकित्सा अधिकारी हर संभव प्रयास करें। इसके लिए चिकित्सा अधिकारी मेरा अस्पताल मेरा वार्ड अभियान के तहत क्षेत्र के भामाशाहों से समन्वय कर चिकित्सालयों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर जरूरी चिकित्सकीय उपकरण, इंतजाम एवं व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। यह बात उन्होंने शुक्रवार को संभागीय आयुक्तालय स्थित सभागार में चिकित्सा अधिकारियों की बैठक में कही।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा अधिकारी प्रशासनिक अधिकारियों के निर्देशन में समय पर मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठकों का आयोजन कर चिकित्सालयों के विकास कार्यों, कार्मिकों, दवाओं एवं उपकरणों की उपलब्धता सहित अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि जमीन आवंटन संबंधी मामलों को सक्षम स्तर से अनुमोदन लेकर जल्द से जल्द निस्तारण करें।

बैठक में संभागीय आयुक्त ने चिकित्सा अधिकारियों से चिकित्सकीय ढांचे को मजबूत करने के लिए सुझाव भी लिये। उन्होंने कहा कि सीएसआर एवं विधायक कोटे के धन का सदुपयोग कर भी अपने चिकित्सालय एवं केन्द्रों पर एंबुलेंस, उच्च स्तरीय जांच एवं चिकित्सकीय उपकरण से आमजन के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

बैठक में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त प्रवीण कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

संदीप भटनागर बने एस.बी.आई. राजस्थान प्रमुख

जयपुर, (का.सं.)। संदीप भटनागर ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जयपुर मंडल के राजस्थान प्रमुख के रूप में मुख्य महाप्रबंधक का कार्यभार राजेश कुमार मिश्रा से ग्रहण किया। मिश्रा वर्तमान पद पर सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के बाद 29 फरवरी को रिटायर हो गये हैं। भटनागर ने वर्ष 1994 में प्रोबेशन ऑफिसर के रूप में बैंक में सेवा की शुरूआत की।

जे.जे.एम.घोटाले में ईडी ने ठेकेदार के बेटे को गिरफ्तार किया

जयपुर। जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएचईडी के ठेकेदार पदम चंद जैन के बेटे को गिरफ्तार किया है। ईडी ने आरोपी पीयूष जैन को कोर्ट में पेश कर 4 दिन का रिमांड लिया है।

ईडी ने इस साल 17 जनवरी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत जयपुर और बांसवाड़ा जिलों में 8 स्थानों पर तलाशी ली थी। इस दौरान 11.42 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्ति जब्त की थी। उस दौरान ईडी ने अहम साक्ष्य और दस्तावेज बरामद किए थे। पूर्व पीएचईडी मंत्री महेश जोशी, पीएचईडी के अधिकारियों और निजी व्यक्तियों के आवासीय परिसरों में तलाशी ली गई थी। सूत्रों के अनुसार पीयूष जैन को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ बाद उसे गिरफ्तार किया। पीयूष के पिता ठेकेदार पदम चंद जैन को पिछले साल 2.20 लाख रुपए के भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गिरफ्तार किया था।

सूत्रों के अनुसार ईडी को इस गिरफ्तारी से राजस्थान में जल जीवन मिशन घोटाले में शामिल धन के लेन-देन के बारे में और जानकारी मिलेगी। इससे पहले पिछले साल नवंबर में ईडी ने पीएचईडी के इंजीनियरों और अन्य अधिकारियों के आवासीय और कार्यालय परिसरों सहित 23 स्थानों पर तलाशी ली थी।

जेडीए सीवेज लाइन को एसटीपी में जोड़ें : हाईकोर्ट

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर के अंबाबाड़ी इलाके की सीवरेज लाइन का पानी द्रव्यवती नदी में मिलने और इससे जल व वायु प्रदूषण फैलने को चुनौती देने के मामले में जेडीए को निर्देश दिए हैं। अदालत ने जेडीए को कहा है कि वह क्षेत्र में सीवरेज लाइन को एसटीपी में जोड़े और नीरी की रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई करे। वहीं इस संबंध में याचिकाकर्ता की ओर से दिए गए शिकायती पत्र व प्रतिवेदनों पर भी तीन महीने में उचित कार्रवाई करे। जेडीए क्षेत्र में वायु व जल प्रदूषण रोकने के लिए कार्रवाई भी सुनिश्चित करे। वहीं यदि जेडीए मामले में उचित कार्रवाई नहीं करे तो याचिकाकर्ता मामले को दुबारा अदालत के समक्ष लाने के लिए स्वतंत्र है। सीजे एमएम श्रीवास्तव व जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ ने यह आदेश अंबाबाड़ी विकास समिति के सचिव आलोक गुप्ता की जनहित याचिका पर दिए।

■ **नीरी की रिपोर्ट के अनुसार काम करने का आदेश**

याचिका में अधिवक्ता गोपाल सिंह बारहठ ने बताया कि अंबाबाड़ी इलाके में डेजर्ट इन के पास जेडीए ने सीवरेज लाइनों को एसटीपी में नहीं जोड़ा है और इसके चलते स्थानीय कॉलोनियों के सीवरेज का गंदा पानी द्रव्यवती नदी में आकर मिल रहा है। वहीं नीरी ने अपनी रिपोर्ट में सीमेंट-कंक्रीट का पक्का चैनल बनाने के लिए कहा था, लेकिन यह जगह अभी भी कच्ची ही है और इसे अब तक पक्का नहीं किया गया है। ऐसे में जेडीए नीरी की रिपोर्ट के अनुसार काम नहीं कर रहा है। इससे स्थानीय क्षेत्र में जल व वायु प्रदूषण हो रहा है और इलाके के करीब पांच लाख लोग प्रभावित हो रहे हैं। याचिकाकर्ता ने जेडीए को नीरी की रिपोर्ट के अनुसार द्रव्यवती नदी में सीवरेज का गंदा पानी रोकने, सीवरेज लाइन को एसटीपी में जोड़ने व सीमेंट-कंक्रीट का चैनल बनाने के लिए प्रतिवेदन दिया था, लेकिन जेडीए ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। इसलिए इलाके में नीरी रिपोर्ट की पालना करवाते हुए सीवरेज लाइन को एसटीपी में जोडा जाए।

एएनएम भर्ती की अंतिम चयन सूची पर अंतरिम रोक

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने अर्जेन्ट टेम्परेरी बेसिस के आधार पर हो रही एएनएम भर्ती-2023 में जयपुर जिले के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता देने को चुनौती देने के मामले में भर्ती की अंतिम चयन सूची व नियुक्ति आदेश जारी करने पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने चिकित्सा सचिव, चिकित्सा निदेशक व सीएमएचओ जयपुर से 22 मार्च तक जवाब मांगा है। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश अलवर निवासी संयोगिता यादव की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता सोगत रॉय ने बताया कि राज्य सरकार ने 11 अगस्त 2023 को भर्ती विज्ञापन जारी कर यूटीबी के आधार पर एएनएम की नियुक्ति के लिए भर्ती निकाली। इसमें जयपुर जिले के अभ्यर्थियों को ही प्राथमिकता देने के लिए कहा। ऐसे में याचिकाकर्ता के जयपुर से बाहर अलवर जिले का निवासी होने के चलते उसे दस्तावेज सत्यापन के लिए नहीं बुलाया गया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि वह मेरिट में आ रही है, लेकिन जयपुर से बाहर का होने के कारण उसे नहीं बुलाया है। जबकि मेडिकल एंड हैल्थ अधीनस्थ सेवा नियम 1965 के तहत मेरिट के आधार पर ही नियुक्ति होनी चाहिए और इसे नकारा नहीं जा सकता। इसलिए याचिकाकर्ता के दस्तावेज सत्यापन का निर्देश देते हुए उसे नियुक्ति दी जाए। अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए अंतिम चयन सूची व नियुक्ति आदेश पर रोक लगा दी। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए अंतिम चयन सूची और नियुक्ति आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है।

लोगों में ईडी का ख़ौफ़, लेकिन एक्ट अर्थव्यवस्था के लिए : जस्टिस रस्तोगी

जयपुर, (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस अजय रस्तोगी ने कहा की ईडी को लेकर लोगों में भारी खौफ है कि कहीं उनके दरवाजे पर दस्तक ना हो जाए। इसमें आरोपी को ही स्पष्टीकरण देना पड़ता है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था और व्यक्ति की आजादी दोनों में संतुलन की आवश्यकता है। कानून समाज के लिए हो, ना कि समाज कानून के अनुरूप बने। जस्टिस रस्तोगी ने यह विचावर मनी लॉड्रिंग प्रिवेंशन, लॉ एंड प्रेक्टिस विषय पर लिखी गई पुस्तक के विमोचन समारोह के दौरान रखे।

उन्होंने कहा कि मनी लॉड्रिंग मामलों में लोगों को ईएसआईआर मिलनी चाहिए। वैसे तो यह संसद का विषय है, लेकिन लोगों के अधिकारों का भी मामला है। वहीं पीएमएलए व सफेमा में जब्त संपत्ति से संबंधित अपीलीय अधिकरण के चेयरमैन जस्टिस एमएन भंडारी ने कहा कि बैंकों में हजारों करोड़ रुपए के फ्रांड होते हैं। ऐसे में आम आदमी की पूंजी को बचाए रखने की जरुरत है। कानून की खामियां मुकदमेबाजी को बढावा देती हैं। कार्यक्रम में हाईकोर्ट जस्टिस समीर जैन, एएसजी आरडी रस्तोगी और पुस्तक के लेखक अभिजीत शर्मा ने भी अपने विचार रखे।

भर्ती प्रक्रिया में शामिल करने का आदेश

जयपुर। हाईकोर्ट ने कांस्टेबल भर्ती-2023 में गर्भवती महिला अभ्यर्थी को राहत देते हुए राज्य सरकार को कहा है कि वह उसे आगामी भर्ती प्रक्रिया में शामिल करे। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को मामले में अपना जवाब पेश करने को कहा है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश ललिता कुमारी सैनी की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

गर्मियों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

जयपुर। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देशों की अनुपालना में सभी जिलों के कलक्टर को गर्मियों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किये गए हैं। शुक्रवार को शासन सचिवालय में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में अभियंताओं के साथ समर कंटीन्जेसी संबंधी कार्यों पर चर्चा की गई। शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में समर कंटीन्जेसी कार्यों के लिए वित्त विभाग से आवश्यक स्वीकृत सहमति प्राप्त करने हेतु विभाग के वित्तीय सलाहकार एवं मुख्य अभियंता की मौजूदगी में चर्चा की गई।

सभी क्षेत्रों में भारत को अग्रणी करने के लिए मिलकर प्रयास करें : राज्यपाल

जयपुर, (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने युवाओं का आव्हान किया है कि वे "विकसित भारत 2047" की संकल्पना के अंतर्गत सभी क्षेत्रों में भारत को अग्रणी करने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए शिक्षा के साथ-साथ सूचना प्रौद्योगिकी और उद्यिमता की बड़ी भूमिका होगी। शिक्षण संस्थान इसी अनुरूप भविष्य की दृष्टि के लिए कार्य करें।

मिश्र शंकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स द्वारा आयोजित 'शंकरा ग्लोबल हैकाथॉन' में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हैकाथॉन को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे युवाओं को उनकी आवश्यकताओं के अनुकूल उद्यमिता के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। उन्होंने शिक्षा को सर्वांगीण विकास का आधार बताते हुए कहा कि बढ़ती आबादी और जरूरतों के हिसाब से तकनीक आधारित सुनियोजित विकास जरूरी है।

■ **'विकसित भारत की संकल्पना साकार करने में युवाओं की अहम भूमिका'**

उन्होंने प्रौद्योगिकी, शोध और अनुसंधान तथा नवाचारों का सही इस्तेमाल राष्ट्र निर्माण में लिए जाने पर जोर दिया।

इससे पहले उन्होंने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं उनके शोध कार्यो को नई दिशा देने के लिए प्रकाशित तकनीकी शिक्षा से जुड़ी "टेक्नीकोन" पत्रिका और हिंदी में कृषि विषयक पत्रिका 'किसान इन्टरनेशनल' का लोकार्पण किया। 'शंकरा ग्लोबल हैकाथॉन में देशभर के तकनीकी संस्थानो, विभिन्न विष्वविद्यालयों, आईआईटी, एनआईटीज के आचार्य और विद्यार्थी भाग ले रहे है।

राज्यपाल ने हैकाथॉन में शैक्षिणक, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों, इनोवेशन और स्टार्टअप से जुड़े विभिन्न आयोजनों में देश भर में उम्दा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति एस. के. सिंह, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के प्रो. बलराज सिंह, पोलैंड, लिथुनिया आदि विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षाविदों ने तकनीक के जरिए शैक्षिक विकास के संबंध में विचार रखे।

राज्यपाल कलराज मिश्र से राजभवन में शुक्रवार को नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

तीये की बैठक

अत्यन्त दुख: के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी पूज्नीय माताजी **श्रीमती रामदुलारी शर्मा** का आकस्मिक निधन 29.02.2024 को हो गया है जिनकी तीये की बैठक 02.03.2024 को सायं 04.00 से 5.00 बजे निज निवास से 37/89 (पार्क में) किरण पथ, मानसरोवर पर रखी गई है। शोकाकुल : मुकेश शर्मा (टिल्लू) उमेश शर्मा (बॉबी) (पुत्र) सौरभ, गौरव, अनिकेत, वैभव (सुपौत्र) समस्त स्वामी परिवार।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री प्रदीप कुमार जैन पुत्र श्री नंदलाल जैन निवासी 61 ए, कृष्णा विहार ए, न्यू सांगानेर रोड़, मानसरोवर, जयपुर के पुत्र गौरव जैन और पुत्रवधु साक्षी जैन पुत्री श्री देवेन्द्र कुमार जैन उनके कहने में नहीं है अत: मेरे अभिभाष्य ने उनको अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद उक्त व्यक्तियों का मेरे अभिभाष्य से व उनकी संपत्ति में किसी प्रकार का हक हिस्सा नहीं होगा।
ईश्वर माहेश्वरी, एडवोकेट, मो.नं. 9413174167

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत-तृतीय,
जे.एल.एन. मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर-0141-4901853
आम जाहिर सूचना
राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-7/ए/25 जवाहर नगर, जयपुर, क्षेत्रफल 136.00 वर्ग गज का आवंटन श्री जे.एस. गुप्ता को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 21415 दिनांक 31/10/1973 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 224 दिनांक 19/02/1974 जारी किया गया। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर, नगर में दिनांक 29/07/1974 को करवाया गया। श्री जे.एस. गुप्ता की मृत्यु दिनांक 25/10/2016 को हो जाने के कारण श्री पुनीत गुप्ता पुत्र स्व. श्री जे.एस. गुप्ता के द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति, हकत्याग पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत कर उक्त आवास का प्रतिस्थापन अपने नाम करने का निवेदन किया गया है। अत: उक्त आवास के प्रतिस्थापन के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री पुनीत गुप्ता पुत्र स्व. श्री जे.एस. गुप्ता के पक्ष में उक्त आवास/फ्लैट के प्रतिस्थापन की कार्यवाही कर दी जावेगी।
सम्पदा प्रबंधक, वृत तृतीय, रा.आ. मण्डल, जयपुर

आम सूचना मेरे अभिभाष्य श्री कन्हैया लाल वर्मा पुत्र स्व. श्री शिवसहाय वर्मा निवासी, 22 सूरज नगर, महाराणा प्रताप मार्ग, पांच्याबाला, जयपुर का पुत्र शिवराज वर्मा उनके कहने में नहीं है, उसे मेरे अभिभाष्य ने अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, उसका मेरे अभिभाष्य की चल व अचल सम्पत्ति से कोई संबंध नहीं है, यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था शिवराज वर्मा के साथ कोई भी संव्यवहार करता है तो इस हेतु मेरे अभिभाष्य का कोई उत्तर दायित्व नहीं होगा तथा वह स्वयं जिम्मेदार होगा।
जितेन्द्र कुमार तिवारी, मो.नं. 9414714659

उत्तर पश्चिम रेलवे G2
निविदा सूचना
वरि मंसाप्र-जयपुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से ई-निविदा संख्या-51245335 जिसकी बंद होने की तारीख 01.04.2024 को 14.25 बजे तक रहेगी, आमंत्रित कर रहे हैं। निविदाकार निविदा बंद होने की तारीख एवं समय तक ही अपनी मूल/संशोधित निविदा प्रस्तुत कर पायेंगे। मैन्युएल (ई-निविदा के अलावा) प्रस्ताव इस निविदा के विरूद्ध मान्य नहीं होंगें। इस तरह के मैन्युएल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा। 1. आपूर्ति का विवरण: Replacement of TSS (CMS) and CMS related other Equipment at crew lobbies and CPCR office of JP Division located at JP, FL, RE and BKI station as per attached annexure A 2. मात्रा: 01 Set 3. निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक एवं समय: ई निविदा को 01.04.2024 को 14.25 बजे तक प्रस्तुत किया जा सकता है. 4. वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in.
278-CQ/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे G2
निविदा सूचना
(सर्वे एवं निर्माण)
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), उत्तर पश्चिम रेलवे, जवाहर सर्किल, जयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित इलैक्ट्रॉनिक प्रपत्र पर ऑन-लाईन खुली ई-निविदा सिस्टम (द्वि चरण रिवर्स ऑक्शन) आमंत्रित करते हैं। 1. निविदा संख्या : उपरे-नि-तरंगा हिल- आबू रोड़ - एनएल-टी 7 2. कार्य का नाम एवं स्थान : सुरंगों का निर्माण, ब्लैकेटिंग सहित बैंक/कटिंग में मिट्टी का काम, बड़े/छोटे पुलों, आरओआर, रोड ओवर ब्रिज (आरओबी), रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, प्लेटफार्म, प्लेटफार्म शेल्टर, स्टेशन बिल्डिंग, सर्कुलेटिंग एरिया, क्वार्टर का निर्माण उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर डिवीजन में तरंगा हिल - आबू रोड वाया अंबाजी नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में किमी: 99.608 से किमी: 116.654 कुई स्टेशन से आबूरोड स्टेशन) के बीच अन्य सहायक कार्य। । 3. निविदा का प्रकार : दो पैकेट प्रणाली 4. अनुमानित लागत : Rs. 4272826917.78 5. बिड सिक्योरिटी/धरोहर राशि : 10000000.00 6. कार्य पुर्ण करने की अविध: 30 Months 7. निविदा का अन्तिम दिनांक एवं समय : 21/03/2024 8. वैबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in
262-CQ/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे G2
निविदा सूचना
(सर्वे एवं निर्माण)
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), उत्तर पश्चिम रेलवे, जवाहर सर्किल, जयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित इलैक्ट्रॉनिक प्रपत्र पर ऑन-लाईन खुली ई-निविदा सिस्टम (द्वि चरण रिवर्स ऑक्शन) आमंत्रित करते हैं। 1. निविदा संख्या : उपरे-नि-तरंगा हिल- आबू रोड़ - एनएल-टी 7 2. कार्य का नाम एवं स्थान : सुरंगों का निर्माण, ब्लैकेटिंग सहित बैंक /कटिंग में मिट्टी का काम, बड़े/ छोटे पुलों, रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, प्लेटफार्म, प्लेटफार्म शेल्टर, स्टेशन बिल्डिंग, सर्कुलेटिंग एरिया और अन्य सहायक कार्यों का निर्माण । उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल में तरंगा हिल-आबू रोड वाया अम्बाजी नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में किमी : 85.000 से किमी : 93.000 तक। 3. निविदा का प्रकार : दो पैकेट प्रणाली 4. अनुमानित लागत : Rs. 3684387206.81 5. बिड सिक्योरिटी/धरोहर राशि : 10000000.00 6. कार्य पुर्ण करने की अविध: 30 Months 7. निविदा का अन्तिम दिनांक एवं समय : 21/03/2024 8. वैबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in
264-CQ/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे G2
निविदा सूचना
(सर्वे एवं निर्माण)
भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), उत्तर पश्चिम रेलवे, जवाहर सर्किल, जयपुर निम्नलिखित कार्य हेतु निर्धारित इलैक्ट्रॉनिक प्रपत्र पर ऑन-लाईन खुली ई-निविदा सिस्टम (द्वि चरण रिवर्स ऑक्शन) आमंत्रित करते हैं। 1. निविदा संख्या : उपरे-नि-तरंगा हिल- आबू रोड़ - एनएल-टी 8 2. कार्य का नाम एवं स्थान : सुरंगों का निर्माण, ब्लैकेटिंग सहित बैंक/कटिंग में मिट्टी का काम, बड़े/छोटे पुलों, रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, प्लेटफार्म का निर्माण और किमी: 93.000 से किमी के बीच अन्य सहायक कार्य: 99.608 उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल में तरंगा हिल - आबू रोड वाया अम्बाजी नई बीजी लाइन परियोजना के संबंध में 3. निविदा का प्रकार : दो पैकेट प्रणाली 4. अनुमानित लागत : रूपये 3554577569.69 5. बिड सिक्योरिटी/धरोहर राशि : 10000000.00 6. कार्य पुर्ण करने की अविध: 30 Months 7. निविदा का अन्तिम दिनांक एवं समय : 22/03/2024 8. वैबसाइट का विवरण : www.ireps.gov.in
263-CQ/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 07/23
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमती आशा माथुर पत्नी स्व.राधा मोहन माथुर जाति कायस्थ
विवाद स्थान.....
मृतक स्व.राधा मोहन के बैंक लॉकर के विषय में।
पेशी दिनांक- 19/04/24
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व.राधा मोहन माथुर पुत्र ज्वाला प्रसाद माथुर जाति कायस्थ निवासी 72/54, पटेल मार्ग, शिप्रा पथ, मानसरोवर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 19 माह 04 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 29 माह 02 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-10 जयपुर महानगर प्रथम न्यायाधीश सांगानेर
मोहर अदालत

नाम परिवर्तन
मैनें अपना नाम असीमा (ASEEMA) से बदलकर असीमा अली (ASEEMA ALI) धर्मपत्नी मोहम्मद जुबियान निवासनी- 2233, नला नीलगरान, चौकडी रामचन्द्र जी की रामगंज बाजार, जयपुर रख लिया है भविष्य में मुझे असीमा अली के नाम से जाना पहचाना जावें।
मैंने अपना पुत्री का नाम प्रीत मेघानी (Preet Meghani) से बदलकर प्रीत लालवानी (Preet Lalwani) पुत्री खुशबु लालवानी रख लिया है। भविष्य में उसे Preet Lalwani के नाम से जाना पहचाना जावें। निवासी 774-ए, अशोक चौक, शिव शौर्या रेजीडेन्सी, 302, आदर्श नगर, जयपुर (राजस्थान)
I Pooja Koolwal W/o Amit Koolwal residing at 110, Shilp Colony, Kalwar Road, Jhotwara, Jaipur Raj.-302012. Do hereby solemnly affirm and state that I have changed my name from Pooja to Pooja Koolwal. In future I will be known by my changed name.
I Arpit Koolwal S/o Amit Koolwal residing at 110, Shilp Colony, Kalwar Road, Jhotwara, Jaipur Raj.-302012. Do hereby solemnly affirm and state that I have changed my name from Arpit Kumar Koolwal to Arpit Koolwal. In future I will be known by my changed name.
I Amit Koolwal S/o Mahesh Chandra Koolwal residing at 110, Shilp Colony, Kalwar Road, Jhotwara, Jaipur Raj.-302012. Do hereby solemnly affirm and state that I have changed my name from Amit @ Amit Kumar Koolwal to Amit Koolwal. In future I will be known by my changed name.
I, Rabia Bibi W/o Md Eusuf Ali born on 01.01.1967 residing at Maharaj Nagar, Haripur, Malda (WB) 732102 have changed my name to Rabia Khatun for all my future purposes vide Affidavit dt:26.02.2024 Jaipur.
I urmila Devi legally wedded spouse of army no 3193228X NK late Sanjay Kumar R/O village post 95 B Balaji vihar 35A Jagnathpura sikar road Jaipur have changed my son name from YEMAN BHARIA is wrong entered in service record To YAMAN BHARIA vide affidavit dated 29 feb 2024 before district notary kishangarh renewal Jaipur
I army no 15478222F Ex ALD radheshyam varma S/O jamani lal R/O village post sahira teh.mahawa district dausa have changed my daughter's name From LAXMI BAI To LAXMI KUMARI (DOB 20/10/2000) & SANJNA BAI TO SANJNA KUMARI (DOB 4/7/2003)vide affidavit dated 28 feb 2024 before district notary hindaun city karauli